भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **648**
उत्तर देने की तारीख **03** दिसम्बर**, 2025**

बस्तर संभाग, छत्तीसगढ़ में जनजातीय और पहाड़ी क्षेत्रों में खराब ब्रॉडबैंड संपर्क

648. श्री भोजराज नागः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड संपर्क बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है, और

(ख) छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के जनजातीय एवं पर्वतीय क्षेत्रों में खराब नेटवर्क की समस्या के समाधान हेतु मोबाइल टावरों की स्थापना में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/ उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) सरकार 4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत देश के ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावर संस्थापित करके इंटरनेट सुविधाओं का विस्तार करने के लिए डिजिटल भारत निधि के तहत कई स्कीमें लागू कर रही है। इसके अलावा, भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और मांग के आधार पर गांवों को वाई-फाई हॉटस्पॉट्स, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन इत्यादि जैसी ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जा सके।

इसके अलावा ,सरकार ने गति शक्ति संचार पोर्टल लॉन्च करने और दूरसंचार (राइट ऑफ वे) नियमों को अधिसूचित करने जैसे कई कदम उठाए हैं ताकि दूरसंचार अवसंरचना संस्थापित करने की अनुमति को सुव्यवस्थित किया जा सके। साथ ही, छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के जनजातीय और पर्वतीय क्षेत्रों में मोबाइल टावर संस्थापित करने में तेज़ी लाने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सुरक्षा संबंधी व्यवस्था और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ समय-समय पर समीक्षा की जा रही हैं।

****